समाचार

महा स्वच्छता अभियान

भारत स्काउट गाईड्स द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

कोरबा 24 नवम्बर 2019—महा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ कल 25 नवम्बर से निर्धारित कार्ययोजना अनुसार किया जाना हैं। अभियान के शुभारंभ के एक दिन पूर्व आज 24 नवम्बर को भारत स्काउट एवं गाईड्स जिला कोरबा के रोबर्स, रेंजर्स द्वारा वार्ड क्र. 02 एवं 13 में जागरूकता अभियान चलाया गया, इस दौरान वार्ड के निवासियों को महास्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई, साथ ही वार्ड के लोगों से शपथ पत्र भरवाया गया। स्काउट गाईड के प्रमुख सादिक शेख ने बताया कि स्काउट गाईड के सदस्यों ने वार्ड में घूम—घूम कर नागरिकों से अपील की कि वे जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए जा रहे महास्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता दें, साथ ही घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को पृथक—पृथक डस्टबिन में रखें तथा डोर—टू—डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को दें, नाली, सड़क तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके।